

# भारत ने एशियाई एथलेटिक्स में तहलका मचाया, जीते 20 स्वर्ण

## 58 पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर रहा भारत, श्रीलंका दूसरे स्थान पर

### 20 गोल्ड ने चमकाया हिंदुस्तान का नाम




**रांची, 27 अक्टूबर. चौथी दक्षिण एशियाई वरिष्ठ एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक तालिका में दबदबा बनाया। भारतीय खिलाड़ियों ने ट्रैक और फील्ड इवेंट्स में नए कीर्तिमान स्थापित करते हुए 20 स्वर्ण, 20 रजत और 18 कांस्य सहित कुल 58 पदक जीतकर दक्षिण एशिया में अपनी नंबर-वन पहचान एक बार फिर पक्की कर दी।**

तीन दिवसीय इस चैंपियनशिप का आखिरी दिन भारत के नाम रहा। रविवार को बिरसा मुंडा स्टेडियम में दर्शकों ने ट्रैक और फील्ड पर एक से बढ़कर एक रिकॉर्ड प्रदर्शन देखे, जहां भारतीय खिलाड़ी कई इवेंट्स में चमके और देश के लिए लगातार पदक झटके। वहीं दूसरे स्थान पर रहा श्रीलंका 16 स्वर्ण, 14 रजत और 10 कांस्य सहित कुल 40 पदक लेकर भारत को चुनौती तो देता दिखा, लेकिन पदक संख्या के मामले में पीछे रह गया। नेपाल ने दो रजत और चार कांस्य के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। पुरुषों की 400 मीटर बाधा दौड़ में भारत के रुचित मोरी ने 50.10 सेकंड में दौड़ पूरी कर मीट रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण जीता। इसी इवेंट में भारत के कर्ण बाग ने कांस्य पदक भी दिलाया।

महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में हालांकि स्वर्ण श्रीलंका की के.एच. अराच्चिगे दासुन के नाम रहा लेकिन भारत की ओलिम्बा स्टेफी ने कांस्य जीतकर देश की झोली में एक और पदक जोड़ा। पुरुषों की लंबी कूद में मोहम्मद साजिद ने 7.68 मीटर की छलांग लगाई जो स्वर्ण जीतने के लिए पर्याप्त रही। वहीं पुरुष हैमर थ्रो में दमनीत सिंह ने 66.99 मीटर की शानदार थ्रो कर भारत के लिए स्वर्ण हासिल किया और साथी खिलाड़ी आशीष जाखड़ ने रजत पदक अपने नाम किया। भारत की रीत राठौर ने महिला ऊँची कूद में 1.76 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण जीता। टीम इवेंट्स में भी भारत का दबदबा देखने को मिला। महिला 4×400 मीटर रिले में भारतीय धाविकाओं ने 3:34.70 मिनट में दौड़ते हुए पहले स्थान पर कब्जा किया। पुरुषों की रिले में भारत को करीबी फिनिश में श्रीलंका से हार मिली और वह रजत से संतोष करना पड़ा। चैंपियनशिप में बांग्लादेश, मालदीव और भूटान भी शामिल थे लेकिन पदक तालिका में उनका प्रदर्शन अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा। खेल विश्लेषकों के अनुसार इस जीत ने अगले वर्ष होने वाली एशियाई चैंपियनशिप और ओलंपिक क्वालीफायर के लिए भारतीय खिलाड़ियों का आत्मविश्वास और ऊंचा कर दिया है। भारत की यह कामयाबी साबित करती है कि खेलों में देश की नई पीढ़ी लगातार नए मानक स्थापित कर रही है।

# तेलुगू टाइटंस की शानदार जीत

- एलिमिनेटर-3 में जगह पक्की
- भारत के सुपर-10 ने पलटा मैच
- विजय-भरत ने बुल्स को 37-32 से हराया
- आखिरी मिनटों में टाइटंस ने दिखाया दम



**नयी दिल्ली, 26 अक्टूबर. तेलुगू टाइटंस ने प्रो कबड्डी लीग के 12वें सीजन में बेंगलुरू बुल्स को रोमांचक मुकाबले में हराकर एलिमिनेटर-3 में प्रवेश कर लिया।**

कप्तान विजय मलिक और भारत की शानदार रेडिंग ने टीम के लिए जीत का रास्ता बनाया. त्यागराज इंडोर स्टेडियम में रविवार को खेले गए मिनी क्वालीफायर मुकाबले में तेलुगू टाइटंस ने बेंगलुरू बुल्स को 37-32 से शिकस्त दी। इस जीत के साथ टाइटंस ने टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में अपनी दावेदारी और मजबूत कर ली है। दूसरी ओर बुल्स के लिए यह हार करारा झटका जरूर है, लेकिन उनका सफर अभी खत्म नहीं हुआ है.

### भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम में शामिल

**प्रिटोरिया.** टेम्बा बावुमा पिंडली की चोट से ठीक होने के बाद अगले महीने भारत के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका की टेस्ट टीम में बतौर कप्तान शामिल किया गया हैं। बावुमा सितंबर में इंग्लैंड में चोट लगने के कारण पाकिस्तान के खिलाफ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप टाइटल डिफेंस की शुरुआत में नहीं खेल पाए थे। वह इस हफ्ते पाकिस्तान में शुरू होने वाले किसी भी सफेद गेंद मैच में नहीं खेलेंगे, लेकिन टेस्ट टीम में शामिल होने से पहले बेंगलुरु में इंडिया ए के खिलाफ प्रथम श्रेणी मैच में दक्षिण अफ्रीका ए टीम का हिस्सा होंगे।

# भोई ने भारोत्तोलन में विश्व युवा रिकॉर्ड के साथ जीता स्वर्ण पदक

**नयी दिल्ली/ मनामा, 27 अक्टूबर भारत की प्रीतिस्मिता भोई ने एशियाई युवा खेलों 2025 में भारोत्तोलन में एक नया विश्व युवा रिकॉर्ड बनाकर इतिहास रचते हुए लड़कियों के 44 किलोग्राम क्लीन एंड जर्क वर्ग में 92 किलोग्राम का भार उठाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।**



उन्होंने स्नैच सेक्शन में 66 किलोग्राम भार उठाकर रजत पदक भी जीता और कुल दो पदक हासिल किए। भोई ने अपने क्लीन जर्क अभियान की शुरुआत 87 किलोग्राम के सफल लिफ्ट से की, इसके बाद 90 किलोग्राम और अपने अंतिम प्रयास में 92 किलोग्राम भार उठाकर लड़कियों के 44 किलोग्राम वर्ग में नया विश्व युवा रिकॉर्ड बनाया। चीन की वू जिहोंग (88 किलोग्राम) और फिलीपींस की प्रिंसेस जे एन डियाज़ (78 किलोग्राम) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं.

## एक नजर में




### मप्र के 4 खिलाड़ी करेंगे भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व

**भोपाल.** अकाबा के जॉर्डन में 30 अक्टूबर से एक नवंबर तक आयोजित एशिया ट्रायथलॉन जूनियर एवं अंडर-23 चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश ट्रायथलॉन अकादमी के खिलाड़ी आद्या सिंह, दुर्विसा पवार, रोशन गोंड और अभिषेक मॉडनवाल भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे. चैंपियनशिप में भागीदारी के लिए खिलाड़ियों की टीम ने आज ट्रायथलॉन अकादमी के मुख्य कोच कैप्टन मनोज झा के साथ जॉर्डन के लिए प्रस्थान किया. प्रदेश के खेल और युवा कल्याण मंत्री कैलाश विश्वास सारंग ने चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर देश के लिए पदक अर्जित करने के लिए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं.




### ऑस्ट्रेलिया टीम में भारतीय मूल के तनवीर शामिल

**कैनबरा।** एडम जम्पा के पहले टी20 से बाहर होने पर भारतीय मूल के लेग स्पिनर तनवीर सांघा को ऑस्ट्रेलिया टीम में शामिल किया गया है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला टी20 मुकाबला 29 अक्टूबर को कैनबरा में खेला जाएगा। 23 वर्षीय सांघा बेहतरीन फॉर्म में हैं और हाल ही में घरेलू वनडे कप में सबसे अधिक 10 विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। सिडनी में जन्मे तनवीर के पिता पंजाब के जालंधर के रहने वाले हैं और टैक्सी ड्राइवर के रूप में काम करते हैं। टीम इंडिया के कप्तान सूर्यकुमार यादव के लिए यह युवा स्पिनर चुनौती बन सकता है।



### पूर्व कप्तान श्रीकांत ने किए महाकाल के दर्शन

**उज्जैन।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कृष्णमाचारी श्रीकांत सोमवार सुबह बाबा महाकालेश्वर के दरबार में पहुंचे। उन्होंने भस्म आरती में शामिल होकर भगवान महाकाल के दर्शन-पूजन किए और देशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। पुजारी आकाश गुरु ने विधि-विधान से पूजा कराई। इस दौरान महाकाल मंदिर प्रबंध समिति की ओर से भस्म आरती प्रभारी आशीष दुबे ने उनका सम्मान भी किया। दर्शन के बाद श्रीकांत ने मंदिर प्रबंधन की व्यवस्था की सराहना करते हुए नंदी हॉल में कुछ समय ध्यान भी लगाया।

# जम्पा की जगह तनवीर सांगा को मिला मौका

**सिडनी 27 अक्टूबर ऑस्ट्रेलिया ने लेग स्पिनर तनवीर सांगा को भारत के खिलाफ होने वाली अंतरराष्ट्रीय टी-20 के लिए एडम जम्पा की जगह टीम में शामिल किया गया है।**



23 वर्षीय सांगा बीबीएल में सिडनी थंडर्स के लिए खेलते हैं। उन्होंने अब तक कुल सात अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैच खेले हैं लेकिन 2023 के बाद से उन्हें मौका नहीं मिला है। अपने पर्दापण मैच में उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 31 रन देकर चार विकेट लिए थे। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया ए और भारत ए के बीच हुए तीन एकदिवसीय मैचों में कुल सात विकेट लिए थे। साथ ही एकदिवसीय कप के चार मैचों में वह 10 विकेटों के साथ न्यू साउथ वेल्स के लिए सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

जम्पा निजी कारणों से टी-20 सीरीज के शुरुआती मैच में उपलब्ध नहीं हैं। जम्पा की पत्नी हैरिएट जल्द ही अपने दूसरे बच्चे को जन्म देने वाली हैं। यात्रा की लंबी दूरी के कारण जम्पा भारत के खिलाफ हुई एकदिवसीय सीरीज के पहले मैच का हिस्सा नहीं थे। लेकिन दूसरे मैच में उन्होंने हिस्सा लिया और प्लेयर ऑफ द मैच भी बने। वह ऑस्ट्रेलिया पुरूष टीम के सबसे अधिक टी-20 विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।



# बीडब्ल्यूएफ टूर प्रतियोगिताओं से पीवी सिंधु ने लिया नाम वापस

- खिलाड़ी ने स्वयं किया बयान जारी
- पैर की चोट से परेशान है बैडमिंटन खिलाड़ी

**नयी दिल्ली, 27 अक्टूबर. पैर की चोट से उबर रही भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने 2025 में होने वाले सभी बीडब्ल्यूएफ टूर प्रतियोगिताओं से नाम वापस लेने का फैसला किया है।**

सिंधु ने जारी एक बयान में कहा, अपनी टीम से सलाह लेने और शानदार डॉ. पारदीवाला के मार्गदर्शन के बाद, उन्हें लगा कि 2025 में होने वाले सभी शेष बीडब्ल्यूएफ टूर स्पर्धाओं से नाम वापस लेना उनके लिए सबसे अच्छा होगा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता ने बताया कि सीजन के यूरोपीय लेग से पहले लगी उनकी चोट अभी पूरी तरह से ठीक नहीं हुई है। उन्होंने बयान में लिखा, यूरोपीय लेग से पहले मुझे जो पैर में चोट लगी थी, वह अभी पूरी तरह से ठीक नहीं हुई है, और हालांकि इसे स्वीकार करना कभी आसान नहीं होता, चोटें हर एथलीट की यात्रा का एक अटूट हिस्सा होती हैं। वे आपके लचीलेपन और धैर्य की परीक्षा लेती हैं, लेकिन वे आपको और भी मजबूत होकर वापस आने की आग भी जगाती हैं। उन्होंने कहा, डॉ. वेन लोम्बार्ड की लगातार देखभाल, निशा रावत और चेतना के सपोर्ट और मेरे कोच इरवानस्याह के मार्गदर्शन में, मैं एक ऐसी टीम से घिरी हुई हूं जो मुझे हर दिन ताकत देती है। मुझ पर उनका विश्वास मेरे अपने विश्वास को बढ़ाता है और मैं आगे आने वाली चीजो के लिए पहले से कहीं अधिक प्रेरित, आभारी और उत्सुक महसूस करती हूं। उन्होंने प्रशंसकों का धन्यवाद देते हुए कहा कि आप सभी के अथाह प्रेस और सहयोग के लिए धन्यवाद यह यात्रा जल्द ही जारी रहेगी।



# श्रेयस की पसलियों में चोट

## सिडनी के अस्पताल में किया भर्ती

**सिडनी 27 अक्टूबर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच के दौरान पसलियों में चोट लगने के बाद भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को सिडनी के एक अस्पताल की सघन चिकित्सा इकाई में भर्ती कराया गया है।**

सोमवार सुबह भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने एक्स पर जारी एक बयान कहा, श्रेयस अय्यर को 25 अक्तूबर को सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच के दौरान क्षेत्ररक्षण के दौरान बाईं पसलियों के पास चोट लगी थी। इसके बाद उन्हें आगे की जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने कहा, स्कैन में पता चला है कि अय्यर की प्लीहा में लकीरनुमा चोट आई है। उनका इलाज जारी है और वह धीरे-धीरे ठीक हो रहे हैं। बीसीसीआई का चिकित्सक दल सिडनी और भारत के विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ मिलकर अय्यर की चोट पर लगातार नजर रखे हुए है। भारतीय टीम के डॉक्टर सिडनी में ही रहेंगे ताकि श्रेयस की रोजाना की स्थिति का मूल्यांकन कर सकें। अय्यर को यह चोट क्षेत्ररक्षण के दौरान उस समय लगी, जब उन्होंने एलेक्स कैरी को आउट करने के लिए पीछे की ओर डाइव लगाकर एक शानदार कैच लेने का प्रयास किया। इस दौरान नीचे गिरने से उनकी बाईं पसली के नीचे गंभीर चोट लग गई। कैच लेते ही अय्यर ने अपनी पसलियों को पकड़ लिया और तुरंत फिज़ियो को बुलाया।

**सम्मान** कुशग्रा रावत और भाव्य सचदेवा को स्मृति चिन्ह और नगद पुरस्कार देकर किया प्रोत्साहित

# एशियन पदक विजेताओं का सम्मान

**नयी दिल्ली, 27 अक्टूबर. साउथ दिल्ली स्विमिंग एसोशिएशन ने एशियन चैंपियनशिप में पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाने वाले दो युवा तैराकों को सम्मानित किया है।**



राजधानी के तालकटोरा स्विमिंग स्टेडियम में सोमवार को आयोजित 18वीं साउथ दिल्ली स्विमिंग चैंपियनशिप के दौरान दिल्ली के प्रतिभावान तैराक कुशग्रा रावत और भाव्य सचदेवा को विशेष सम्मान दिया गया। स्विमिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष राजकुमार, पूर्व अंतरराष्ट्रीय तैराक एस. आर. साहू, भानु सचदेवा और तैराकी कोच संजय बिष्ट ने दोनों खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

अहमदाबाद में आयोजित एशियन चैंपियनशिप में कुशग्रा और भाव्य ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किए थे, जिसके बाद आज उनका प्रोत्साहन किया गया। साउथ दिल्ली स्विमिंग एसोसिएशन के सचिव ने बताया कि तैराकी के इतिहास में यह पहला मौका है जब सभी पदक विजेताओं को नगद पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया जा रहा है।

> उन्होंने कहा कि इस चैंपियनशिप का उद्देश्य उभरते हुए स्विमरों को मंच देना और उन्हें राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के लिए तैयार करना है। प्रतियोगिता में एक से लेकर पांच ग्रुप तक के सभी आयु वर्ग के तैराक बड़ी संख्या में भाग ले रहे हैं। विजेताओं को उनके प्रदर्शन के आधार पर नकद राशि प्रदान की जा रही है, ताकि युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिल सके।

### राजस्थान में होंगे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स

**जयपुर.** खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 का पांचवां संस्करण इस साल राजस्थान में आयोजित होगा। 24 नवंबर से 5 दिसंबर तक होने वाले इस टूर्नामेंट की मेजबानी सात शहर—जयपुर, अजमेर, उदयपुर, जोधपुर, बीकानेर, कोटा और भरतपुर—करेंगे। देशभर के 200 से ज्यादा विश्वविद्यालयों के लगभग 5,000 खिलाड़ी इसमें हिस्सा लेंगे। 23 पदक खेल और 1 प्रदर्शनात्मक खेल में प्रतिस्पर्धा होगी। आयोजन युवा मामले एवं खेल मंत्रालय और( अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ)के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।